सार-समाचार

चिकित्सा शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह नयागांव में चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। अध्यक्ष सुनीता काबरा ने बताया कि इस शिविर में 50 बाल अपचारियों को क्लब की ओर से नेत्र जांच, ब्लड टेस्ट व दंत चिकित्सा का परामर्श विभिन्न डॉक्टरों के द्वारा दिया गया। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। सचिव प्रणव राज सिंह ने बताया कि शिविर में डॉक्टर विनीता गर्ग, डॉ.सौरभ गुप्ता एवं डॉ.अंजू गुप्ता ने अपनी सेवाएं दी। सिंह ने बताया कि बाल अपचारियों को चिकित्सा परामर्श के उपरान्त उन्हे चश्में व दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर के बाद रोटेरियन प्रतीक्षा पारे की तरफ से बच्चों और कर्मचारियों को अल्पाहार कराया गया इस अवसर पर क्लब ट्रेजरार राहुल सेठी, बोर्ड सदस्य नयन कालरा, सोनल शर्मा, प्रतीक्षा पारीक, आरती फतेहपुरिया व अन्य रोटेरियन साथियों ने कैंप में अपनी सेवाएं दी।

गुड्डा कुरैशी बने अध्यक्ष

कोटा, (निसं)। डिस्पोजल मोटर पार्ट्स एसोसिएशन न्यू मोटर मार्केट कोटा के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से गुड्डा कुरैशी को अध्यक्ष बनाया गया है। विश्वकर्मा नगर स्थित विश्वकर्मा मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमित धारीवाल का इस अवसर पर भव्य स्वागत किया गया वहीं गुड्डा कुरैशी का भी अध्यक्ष बनाए जाने पर माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महापौर कोटा दक्षिण राजीव भारती, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद शर्मा भी अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर गुड्डा कुरैशी के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने अमित धारीवाल से डिस्पोजल मोटर पार्ट्स एसोसिएशन न्यू मोटर मार्केट के सदस्यों को रियायती दर पर कोटा में भूखंड दिए जाने की मांग की। इस पर अमित धारीवाल ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही वह इस सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर सभी को भूखंड दिलाए जाने का प्रयास करेंगे। वहीं गुड्डा कुरैशी ने कहा कि कोटा में व्यापारियों की समस्या को समय-समय पर उचित मंच पर उठाकर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष इरफान कुरैशी, सचिव सप्पा कुरैशी, इमरान, फइयाज कुरैशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

मोबाइल गेम खेलते समय युवक दूसरी मंजिल से गिरा

कोटा, (निसं)। मोबाइल पर गेम खेलते समय एक युवक दूसरी मंजिल से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना जवाहर नगर थाना पुलिस को दी गई।मामले के अनुसार तलवंडी इलाके में दूसरी मंजिल से नेपाल निवासी युवक अमन नीचे गिर गया था। उसके साथ एक 12 वर्षीय लड़का भी किराए से रहता था। जिसने परिचित को सूचना दी। इस पूरे मामले पर अस्पताल लेकर आए युवक मित्र रस्कोटि का कहना है कि अमन इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक होटल में काम करता था। रात को वह घर पर आ गया था साथ ही उसके साथ रहने वाला दूसरा लड़का सो गया था। देर रात को दूसरे लड़के ने जब उठ कर देखा तब अमन बिस्तर पर नहीं था। बाथरूम में भी चेक किया वहां भी नहीं था और जब इधर-उधर देखा तो दूसरी मंजिल से नीचे गिरा हुआ पड़ा था। उसका मोबाइल भी उसके पास में पड़ा हुआ था। मित्र रस्कोटि का कहना है कि मोबाइल गेम खेलने का शौकीन था और वह रात को यह गेम खेलते समय ही ऊपर से नीचे गिर गया है। एमबीएस अस्पताल चौकी के हेड कॉन्स्टेबल श्योजी लाल का कहना है कि देर रात करीब 1.30 बजे के आसपास इस युवक को अस्पताल लेकर आए थे। जब से ही यह भर्ती है हमने इस संबंध में संबंधित थाने को सूचना दे दी है। जिस होटल में वह काम कर रहा था उसके जनरल मैनेजर कमलेश माथुर का कहना है कि अमन उनके यहां से काम करके निकल गया था। उसके बाद यह घर पर हादसा हुआ है। अक्सर वह अपने कान में ईयर फोन लगाता था और दिन भर मोबाइल ही चलाता रहता था साथ ही वह गेम भी खेलता था।

बाल संप्रेषण गृह में बच्चों को करवाया योग

कोटा, (निसं)। योगविराम योग केंद्र की ओर से रविवार को नयागांव स्थित बाल संप्रेषण ग्रह में बच्चों के लिए योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। योगगुरू भुवन मलिक ने बताया कि बाल संप्रेषण ग्रह में विधि से संघर्षरत बच्चों में भावनात्मक सुधार हेतु योग एवं गायन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत बच्चों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करवाए गऐं। इस दौरान सभी बालकों ने उत्साह के साथ योग किया। योग सेशन के बाद भक्ति योग के तहत म्यूजिक सेशन रखा गया जिसमें योग गुरु भुवन मलिक ने भक्ति संगीत एवं अन्य सुरीले तरानों के साथ बच्चों का मनोरंजन किया जिसके पश्चात संप्रेषण गृह के परिसर में ही पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में योगविराम योग केंद्र की ओर से मनस्वी एवं आकाश ने भी अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम के अन्त में बाल संप्रेषण गृह के अधीक्षक अर्पित जैन ने योग गुरु भुवन मलिक एवं उनके सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

शबनम ने किया नाम रोशन

कोटा, (निसं)। देशवाली समाज द्वारा प्रतिभावान बेटे व बेटियों का निरंतर सम्मान किया जा रहा है। इसी के तहत एम्स में 1123वीं रैंक लाने पर अजमेर की बेटी शबनम खान व उनके पति का माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। समाजसेवी व देशवाली समाज के पूर्व अध्यक्ष हनीफ खान ने शबनम व उनके पति रफीक खान का साफा बांधकर, शॉल औढ़ाकर मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। देशवाली ने बताया कि समाज के प्रतिभाओं को सम्मान करने से जहां उनका मनोबल बढ़ता है वहीं दूसरे लोगों को भी मोटिवेशन मिलता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान का क्रम वर्षभर जारी रहता है, किसी भी क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने वालों का सम्मान किया जाता रहेगा। इस अवसर पर अनवर अली चौहान नरेना, एमडी खान नरेना, शाहरुख खान कोटा, सिराज खान, मुराद अली, सहिल रजा, हैदर खान, मुस्कान बानो सहित कई लोग उपस्थित रहे।

नौ साल से फरार 10 हजार का इनामी वारंटी गिरफ्तार

पुलिस ने नौ साल से फरार इनामी वारंटी गिरफ्तार किया।

बूंदी, (निसं)। पुलिस अधीक्षक जय यादव द्वारा पुराने प्रकरणों में न्यायालय से फरार चल रहे उदघोषित, मफरूर, भगोडा व स्थाई गिरफ्तारी वारण्टियो कि गिरफ्तारी हेतु चलाए गए ऑपरेशन शिंकजा के तहत वाछित अपराधियों व वारण्टियों को गिरफ्तार करने के निर्देश पर कोतवाली थाना अधिकारी सहदेव सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। थाना कोतवाली कि टीम द्वारा विशेष प्रयास करते हुए धोखाधडी के प्रकरण सं. 58/2015 धारा 420, 406,120 बी ता.हि. में 9 साल से फरार चल रहे 10,000 रुपये के ईनामी वाछिंत मफरूर शेरू उर्फ हितेश पुत्र लादूराम निवासी उचियाडा कुआं थाना बिलाडा जोधपुर को जिला धोलपुर, राजस्थान से गिरफ्तार करने मे सफलता अर्जित कि है।

मामले के अनुसार 28 जनवरी 2015 को फरियादी रामफल पुनिया पुत्र रामस्वरुप पुनिया निवासी शिव कोलोनी बून्दी ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के मार्फत भगवान बिडला निवासी बृन्दी के यहां से 50-50 किलो के चांवल के 177 कट्टे कुल 88 क्विंटल 50 किलो ठााम जिनकी कुल किमत 2,04,196 रुपये व शंकर गोरी एठाो प्रोडक्ट सेला चांवल बासमति के यहां से 50-50 किलो के चावल के 128 कट्टे कुल 64 क्विंटल जिनकी कुल किमत 355052 रुपये इस प्रकार कुल 6 लाख रुपये का माल ट्रक में भरकर उक्त माल को दिल्ली मे मैसर्स ओमप्रकाश अशोक कुमार दिल्ली के यहां पर खाली करने हेतु भेजा गया था जो गन्तव्य स्थान पर नहीं पहुंचने पर माल की तलाश हेतु फरियादी रामफल पुनिया की रिपोर्ट पर दर्ज कर अनुसंधान किया गया बाद अनुसंधान उक्त प्रकरण में मुलजिमान मनोहर सिंह निवासी नीम का खेडा सीकर, नागल सीकर, जयराम गुर्जर पुत्र लाखा निवासी नांगल सीकर,सन्नी उर्फ शेरु, सुभाष गुर्जर निवासी उदयपुरवाटी झुन्झुनु,सोहन निवासी भाकरवास, रतन लाल पुत्र बाबूराम निवासी जेतारण पाली व सुमेर सिंह पुत्र महावीर को पूर्व मे गिरफ्तार किया गया। मगर माल परिवहन के ड्राईविंग लाईसेन्स द्वारा माल सफ्लायर्स का माल खूर्द बूर्द करने हेतु सोहन लाल जांगिड जेतारण पाली के मकान मे माल को खाली कर दिया व माल को खुर्द बुर्द करने में मुख्य किरदार निभाने वाला अभियुक्त हितेश उर्फ शेरू पुत्र लादूराम निवासी उचियाडा कुआं थाना बिलाडा जोधपुर राज.जो वारदात के बाद से फरार हो गया एवं 2015 से दिल्ली, अजमेर, जयपुर व धोलपुर मे फरारी काट रहा था एवं आरोपी अपना नाम बदल कर रहने लगा था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी शेरू उर्फ हितेश को लागातार सुराग जुटा कर तकनिकी माध्यम से जानकारी कर आरोपी शेरू उर्फ हितेश को धोलपुर सर्किट हाउस के पास से पकडा पकडने के बाद भी आरोपी ने अपना नाम पता गलत बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशीश की गई एवं जोर जोर से हल्ला करने व भागने का प्रयाश किया जिसको जकड कर पकडा तब जाकर रुका। आरोपी शेरु उर्फ हितेश के विरुद्ध थाना जेतारण जिला पाली मे भी 1 प्रकरण संख्या 197/09 धारा 379 आईपीसी चोरी व 2- प्रकरण संख्या 366 / 12 धारा 341, 323 आईपीसी मारपीट मे दर्ज है।पुलिस टीम में सहदव सिंह पु.नि. थानाधिकारी, रामराज कानि, रामशंकर कानि., नेतराम कानि.थाना कोतवाली जिला बून्दी शामिल रहे। मामले में टीकमचन्द हैडकानि ऑफिस बूंदीका विशेष तकनीकी सहयोग रहा।

माथुर वैश्य महासभा ने जागरुकता के लिए किया रक्तदान

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के तत्वावधान में रविवार को देशभर में 117 जगह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रविवार का दिन समाज के लिए अविस्मरणीय रहा जिसमे पूरे देशभर के 117 माथुर वैश्य समाज की शाखाओं के लोगों ने रविवार को दस बजे से दो बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन करके अनूठी परंपरा को आगे बढ़ाया है।

इसी के तहत कोटा में भी कोटा महासभा के युवा महिला और मुख्य कार्यकारिणी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन तलवंडी स्थित अपना ब्लड सेंटर पर किया गया। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा कोटा के अध्यक्ष डीके गुप्ता ने बताया कि देशभर में एक ही दिन यह आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत कोटा महासभा द्वारा 28 लोगों ने परिवार सहित रक्तदान किया है। मंत्री किरण प्रकाश गुप्ता ने बताया कि रक्तदान करने वालों में पिता-पुत्र बेटी पंकज डॉ रंजना कीर्ति समेत अन्य सदस्यों ने एक साथ रक्तदान कर भीषण गर्मी में रक्त की कमी को दूर करने का प्रयास किया। इस अवसर पर शिविर का शुभारंभ डॉ शशांक गुप्ता और समाज के एक दिव्यांग जोड़े हिमाशु गुप्ता संग स्वीटी गुप्ता द्वारा किया गया जिनका समाजबंधुओं ने सम्मान किया। अध्यक्ष डीके गुप्ता ने बताया कि जुलाई माह के किसी भी रविवार को चिन्हित कर पिछले 7 सालों से महासभा द्वारा देशभर में एक साथ रक्तदान शिविर का आयोजन जागरूकता के उद्देश्य से किया जा रहा है ताकि दूसरा समाज भी आगे आए और रक्त की कमी को दूर कर स्वस्थ समाज का संदेश दिया गया। इस अवसर पर तीन बेटियों ने पहली बार रक्तदान किया जिसमें ऊरुकीर्ति, दीक्षा गुप्ता, महक गुप्ता शामिल है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी नीरज गुप्ता, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र गुप्ता, उपमंत्री राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। महिला मंडल में टीम मे अध्यक्ष रेनू गुप्ता और मंत्री निधि गुप्ता ने लोगों को लगातार मोटिवेट किया।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण का रंगारंग समापन

बूंदी, (निसं)। छः दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 18 जुलाई 2023 से 23 जुलाई 2023 तक का समापन रविवार को जैन बघेरवाल छात्रावास में हुआ। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह गौड संयुक्त निदेशक कोटा तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी बूंदीश्रीमती तेज कंवर एवं अतिथियों द्वारा सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात डीएओ माध्यमिक व प्रारंभिक राजेंद्र व्यास द्वारा अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया गया तथा शिविर प्रभारी श्रीमती सुनीता कटारा सहायक परियोजना समन्वयक द्वारा छः दिवसीय प्रशिक्षण का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। तथा श्री गौड द्वारा वाइस प्रिंसिपल को अपने विद्यालय में एक नवाचार जरूर करना है।

साफ-सफाई पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

कोटा, (निसं)। मण्डल रेल प्रशासन अपने सम्माननीय यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। डीआरएम मनीष तिवारी के निर्देशन में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ उद्घोषणा द्वारा यात्रियों से स्टेशन परिसर में धूम्रपान एवं गंदगी नहीं करने का अनुरोध किया जा रहा है। लापरवाह यात्रियों के विरुद्ध कार्यवाही कर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/जनसम्पर्क अधिकारी कोटा रोहित मालवीय नें यात्रियों से अपील है कि स्टेशन परिसर साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें। कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालें, प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग बन्द करें। स्टेशन की स्वच्छता बनाये रखने के लिए किये जा रहे।

एकेडमिक नॉन एकेडमिक पदों के लिए साक्षात्कार जारी

- यूजीसी गाईडलाईन के तहत विषय वार पैनल बनाकर की जा रही है भर्ती : आरडी मीणा चैयरपर्सन

कोटा, (निसं)। देश की पहली ट्राईबल यूनिवर्सिटी जय मिनेश आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर में पहला शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है। विश्वविद्यालय में एकेडमिक व नॉन एकेडमिक पदों के लिए इन दिनों साक्षात्कार प्रक्रिया चल रही हैं।

28 जुलाई तक सभी पदों पर साक्षात्कार पूर्ण कर लिए जाएंगे और जल्द ही चयनितों की नियुक्ति देने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आरडी मीणा ने बताया कि उच्चतम शिक्षा एवं प्रतिष्ठित शोध एवं अनुभव को प्राथमिकता देते हुए यूजीसी की गाईडलाईन के अनुरूप विषयवार पैनल बनाकर साक्षात्कार की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई तक साक्षात्कार की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा और अगस्त माह से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ कर दी जाएगी। जय मिनेश आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर में प्रोफेसर एवं सहायक प्रोफेसर के पद पर इंटरव्यू के लिए देश के विभिन्न प्रांतों से उम्मीदवार पहुंच रहे हैं।

चैयरपर्सन आरडी मीणा ने विश्वविद्यालय प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के रूप में अपनी पहचान बनाने जा रहा है विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं सहायक प्रोफेसर पदों के लिए देश के नामी विश्वविद्यालयों से पास आउट एवं अनुभवी उम्मीदवारों ने विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं देने के लिए आवेदन किया है उम्मीदवारों का चयन यूजीसी की गाईडलाईन कि अनुपालना करते हुए किया जा रहा हैं। देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साईंस बेंगलुरु, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी, जादवपुर यूनिवर्सिटी कोलकाता, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद सहित देश की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के पासआउट, पीएचडी धारक एवं अनुभवी उम्मीदवारों के प्राप्त आवेदनों पर साक्षात्कार प्रक्रिया संपन्न करवाई जा रही है।

सार-समाचार

सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

कोटा, (निसं)। छावनी चौराहे कोटा पर स्थित महाराज माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों व भाजपा नेताओं ने माधवराव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण दिवस मनाया तथा सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व मिठाइयां वितरित की। जानकारी देते हुए महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी कोटा रजिस्टर्ड के अध्यक्ष व भाजपा नेता इंद्रमोहन सिंह हनी ने बताया कि हमारे द्वारा पूर्व मंत्री माधवराव सिंधिया की प्रतिमा स्थापित की गई थी जिसका अनावरण 23 जुलाई 2005 को हुआ था। इंदर मोहन सिंह हनी ने बताया कि 2005 से अब तक 92 अति-विशिष्ट व्यक्तिओं द्वारा माधवराव सिंधिया की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई है जिसमे 2 राज्यपाल, कई केंद्रीय मंत्री व राज्यमंत्री शामिल है। उन्होंने कहा कि महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य महाराज माधवराव सिंधिया के सिद्धांतों पर चलने के प्रयास करेंगे।

विचार गोष्ठी का आयोजन

कोटा, (निसं)। प्रबुद्धजन विचार मंच की और से चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती पर सुमन भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय, बसन्त विहार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रबुद्धजन विचार मंच के संयोजक एवं मुख्य वक्ता समाजसेवी दुर्गा शंकर सैनी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा की सन् 1922 में गाँधीजी द्वारा असहयोग आन्दोलन को अचानक बन्द कर देने के कारण चन्द्रशेखर आजाद की विचारधारा में बदलाव आया और वे क्रान्तिकारी गतिविधियों से जुड़कर हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बन गये तथा इस संस्था के द्वारा उन्होंने रामप्रसाद बिस्मिल के साथ मिलकर 9 अगस्त 1925 को काकोरी काण्ड को अन्जाम दिया और वहां से फरार हो गऐं, इसके बाद 1927 में बिस्मिल के साथ अपने चार अन्य साथियों के बलिदान देने के पश्चात् उत्तर भारत की सभी क्रान्तिकारी पार्टियों को मिलाकर हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा आरटीआई/पर्यावरण प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा की 1919 में हुए अमृतसर के जलियांवाला बाग नरसंहार ने देश के नवयुवकों को उद्वेलित कर दिया था उस समय चन्द्रशेखर पढ़ाई कर रहे थे, जब गांधीजी ने वर्ष 1920 में असहयोग आन्दोलन का फरमान जारी किया तो वह आग ज्वालामुखी बनकर फट पड़ी और तमाम अन्य छात्रों की भाँति चन्द्रशेखर भी सड़कों पर उतर आये। आजाद ने अपने नाम को सार्थक करते हुए आजाद ही प्राण त्यागे, वो जब तक जिन्दा रहे आजाद रहे, कभी भी अंग्रेजों के हाथ नहीं आये, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पुरूषोत्तम अजमेरा ने कहा की उन्होने भगत सिंह के साथ लाहौर में लाला लाजपत राय की मौत का बदला सॉण्डर्स की हत्या करके लिया तथा उसके बाद दिल्ली पहुँचे और असेम्बली बम काण्ड को अंजाम दिया।

इनरव्हील क्लब का पदस्थापना समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। इनरव्हील क्लब पदस्थापना समारोह व शपथ ग्रहण समारोह हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीडीजी राजेश अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट ईएसओ स्वाति गुप्ता ने की। अग्रवाल ने अध्यक्ष मंजू बंसल व सचिव पश्मीना मित्तल सहित नवीन कार्यकारणी को सेवा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नए सदस्यों को शामिल कर उन्हे भी इनरव्हील क्लब का सहयोग बनकर कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इससे पूर्व गत सचिव चारू जैन ने अपने कार्यकाल के सेवा कार्य को पढ़ कर सुनाया और सेवाभावी सदस्यो मंच पर पुरस्कृत भी किया गया। मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने इनव्हील क्लब के कार्यो की प्रशंसा की और कहा कि आप सेवा कार्यों में विस्तार करते हुए बड़े प्रोजेक्ट को हाथ में ले। उन्होंने कहा कि क्लब के सदस्य क्लब के कार्यो में बढ़-चढ़कर अपनी रुचि से जुडे और सेवा कार्यों में नए कार्यकारिणी की मदद करें।

सम्मान समारोह का आयोजन

कोटा, (निसं)। कोटा शहर में कार्यरत डॉक्टर, समाजसेवी, उद्यमी, इंजिनियर सहित समाज में सक्रिय योगदान करने वाले विभिन्न वरिष्ठ अनुभवी शहरवासियों का सम्मान समारोह रविवार को गायत्री शाक्ति पीठ व तारा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ में किया गया। गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी जी.डी. पटेल ने बताया कि कोटा शहर में सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यावसायिक, शैक्षिक,पर्यावरण व चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत 147 हस्तियों को मेवाड़ी पगड़ी, माला, दुपट्टा, सम्मान पत्र एवं पौधों द्वारा स्वागत किया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकिशन सुमन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश गजेंद्र गौड़ रहे। तारा संस्थान के कल्पना गोयल, दीपेश मित्तल, अनीता शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। उन्होने बताया कि इस सम्मान समारोह में समाजसेवी व उद्योग जगत के भीष्म पितामह कहे जाने वाले गोविंद राम मित्तल, डॉ. एमएल अग्रवाल, सीए डीडी अग्रवाल, अर्जन देव चड्ढा, शंकरआप चंदानी, प्लास्टिक निषेध के राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित दिव्या जैन, वंशिका शर्मा सहित शहर की 147 हस्तियों को सम्मानित किया गया।

द्वितीय साधारण सभा आयोजित

कोटा, (निसं)। जैन श्वेतांबर सोशयल संस्था की वर्ष 2023-24 की द्वितीय साधारण सभा का आयोजन रविवार को रानपुर स्थित एक निजी रिसोर्ट में संपन्न हुआ। संस्था के सचिव जितेंद्र जैन ने बताया कि कार्यक्रम में आगामी महीनों में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया।

सीसी सड़क बनवाने को लेकर वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन

बून्दी, (निसं)। देवपुरा क्षेत्र के वार्ड न. 27 में सीसी सडक बनवाने को लेकर वार्डवासियों ने पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा, सभापति मधु नुवाल सहित आयुक्त नगर परिषद बूंदी को ज्ञापन सौंप कर रमेश चन्द शर्मा के मकान से श्री नरेन्द्र रोदिया के मकान तक सडक निर्माण की मांग की। वार्डवासी विकास कुमार, दीपक सैनी और अरुण शर्मा ने बताया कि वार्ड न. 27 में देवेन्द्र इलेक्ट्रीकल्स से आगे बांयी ओर की लगभग 200 मीटर सडक सीवरेज कार्य के बाद से नहीं बनी है। उक्त रास्ता अत्यधिक क्षितठास्त और अत्यधिक उबड खाबड है। बरसात के मौसम मे यह रास्ता नाले के जैसा बन जाता है। पानी भर जाने के कारण गड्डे दिखाई नहीं देने से आए दिन पैदल तथा बाइक सवार मोहल्लेवासी गड्डो में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन सौंप कर उक्त गली में सीसी सड़क के निर्माण कार्य करवाने की मांग की हैं ताकि मोहल्ले वासी गन्दगी, भरे हुए पानी तथा दुर्घटनाओ से बच सके। इस दौरान रंगराज, पवन शर्मा, श्याम सोनी, नरेंद्र सिंह, हरिशंकर, सुनीता सुमन, रुक्मणि, अल्का प्रियंका सहित वार्डवासी मौजुद रहें।

'जनता ने आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कुशासन को उखाड़ फेंकने का बना लिया मन'

कोटा, (निसं)। नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के एक दिवसीय प्रवास पर कोटा आये भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी के मुख्य आतिथ्य व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व कोटा संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच की अध्यक्षता में नान्ता रोड़ कुन्हाड़ी स्थित संजोग रिसोर्ट में भाजपा की कोटा संभाग बैठक संपन्न हुई। भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत हुई।

जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष कोटा संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच को पार्टी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष व कोटा संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज मीणा, कोटा शहर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, कोटा देहात जिलाध्यक्ष मुकुट नागर मंचस्थ रहे। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहां की नहीं सहेगा राजस्थान, महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा राजस्थान, पेपर लीक युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं सहेगा राजस्थान, किसानो की जमीन नीलाम नहीं सहेगा राजस्थान, ऐसे ही अनेकों

कोटा शहर भाजपा की संभागीय बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी मौजूद रहे।

विषय को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नहीं सहेगा राजस्थान अभियान का शुभारंभ जयपुर में किया। महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा राजस्थान। शांत, सुरक्षित राजस्थान प्रदेश पिछले 5 वर्ष में महिला अपराधमय बन चुका है। कांग्रेस सरकार के मंत्री विधानसभा में खुलकर बोल रहे हैं कि सच्चाई तो यह है कि राजस्थान में हम महिलाओं को सुरक्षा देने में असफल हो गये है, राजस्थान में जिस तरह महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं हमें मणिपुर की जगह हमें अपनी गिरेबां में झांकना चाहिए। सरकार को सच्चाई का आयना दिखाने पर रातों रात मंत्री को पद से हटा दिया जाता है। कांग्रेस सरकार की महिला विधायक तक सुरक्षित नहीं तो आम जनता कैसे सुरक्षित होगी। राजस्थान कांग्रेस सरकार में महिला विधायक कह रही है कि पुलिस सुरक्षा में मुझ पर हमला हुआ है, तथा हमला करने वाले अपराधी गिरफ्तार तक नहीं हो रहे। इस घटना की सूचना पहले ही दे दी गयी, उसके बाद ये घटना हुई। महिला बलात्कार महिला अत्याचार पर कांग्रेस सरकार में मंत्री विधानसभा में राजस्थान तो मर्दो का प्रदेश है जैसे शर्मसार कर देने वाले बयान देते हैं। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं, महिला अत्याचार, दलित अत्याचार, आदिवासियों पर अत्याचार चरम सीमा पर है। कांग्रेस सरकार ने राजस्थान प्रदेश की गरिमा को पूरे देश में गिराने का काम किया। कांग्रेस ने पिछले चुनाव में किसानों का कर्जा माफ करने का वायदा करके नहीं निभाया, किसानो के साथ वादा खिलाफी की। किसानों की जमीनें निलाम हो रही है। लगातार पेपर लीक की घटनाओं के कारण राजस्थान का युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं, युवाओं के भविष्य के साथ धोखाधड़ी हो रही है।

कांग्रेस कुशासन में राजस्थान में अपराध चरम सीमा पर है खुलेआम गैंगवार की घटनाएं हो रही है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध को अंजाम दे रहे। अपराधीयों में कानून का डर समाप्त हो चुका है। आए दिन व्यापारियों के साथ लूटमार, छिना झपट्टी की वारदातें, चाकूबाजी, रंगदारी के लिए जानलेवा हमला करने जैसी घटनाओं को अपराधी खुलेआम अंजाम दे रहे हैं। देश में सबसे ज्यादा महंगाई यदि कहीं है तो वह राजस्थान में है। सबसे ज्यादा महंगी बिजली दरें राजस्थान में है। सबसे ज्यादा महंगा पेट्रोल डीजल यदि देश में कहीं है तो वह राजस्थान में है।

नेत्र जांच शिविर आयोजित

छीपाबडौद, (निसं)। हर माह की भाँति निःशुल्क नेत्र जाँच एवं लैन्स प्रत्यारोपण का 137 वाँ शिविर भारत विकास परिषद शाखा छीपाबडौद के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति बांरा के निर्देशन में लगाया गया, सचिव राजेंद्र योगी और शिविर प्रभारी नरेंद्र बाठला ने बताया कि 15 वर्षो से लगातार भारत विकास द्वारा हर माह शिविर लगाया जा रहा है जिसमे पहली बार यागीनी,कृष्ण,मेगा पारीक के जन्मदिन के उपलक्ष में रूपेश पारीक के सहयोग श्री सतगुरू सेवा संघ ट्रस्ट आनन्दपुर द्वारा रविवार को आर्य समाज भवन हाट चौक में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ भारत माता के चित्र से समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया सभी सदस्यों द्वारा और परिवार जनों के साथ में बच्चो का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया गया शाखा अध्यक्ष धीरज बाठला और चिकित्सा प्रभारी महेंद्र नागर के द्वारा रूपेश पारीक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया कोषाध्यक्ष कौशल गोयल द्वारा बच्चो को गिफ्ट प्रधान किए गए।

खोया पाया

मेरे मकान नंबर 1-भ-54, विज्ञान नगर से संबंधित दस्तावेज मूल आवंटन, भौतिक कब्जा, इन्वेंटरी, अदेय प्रमाण पत्र आदि कहीं गुम हो गए है जिस किसी को मिले कृपया सूचित करें - अमित तलवार पुत्र सुदेश कुमार तलवार, 1-भ-54 विज्ञान नगर, कोटा मोबाइल -8005766635

आम सूचना

मैं मेरे पक्षाकार श्री कंवरलाल, जानकीलाल, रमेशचन्द, मेघराज, मानकंवर बाई, पिसरान गोरधन जी धाकड निवासी गंगायचा तहसील लाडपुरा के निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार के पिता श्री गोरधन जी द्वारा एक दावा न्यायालय सहायक कलेक्टर कोटा के यहां पेश किया गया था जिसमें मोजूदा खसरा नम्बर 482 की 0-40 हेक्टर भूमि वाके ग्राम गंगायचा की खातेदारी गोरधन जी के नाम दर्ज करने का निर्णय दिनांक 10.04.2006 को पारित कर दिया गया है, जिसके खिलाफ एक अपील मोडूलाल, रामलाल रामकंवरी वगैराह द्वारा न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी कोटा के यहां विचाराधीन है। उक्त भूमि ख.न. 482 को "प्रभु नगर रंगपुर रोड" के नाम से अवैध रूप से प्लाटों के रूप में अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा खरीद फरोख्त किया जा रहा है अतः कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि अथवा उसके किसी भी प्लाट की खरीद फरोख्त नहीं करे अन्यथा सभी परिणामों की जिम्मेदारी उसी व्यक्ति की होगी और मेरे पक्षकार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सूचित हों।

दिनांक 23.7.2023

भवदीय
रामकल्याण शर्मा, एडवोकेट
मो. 9828325740